प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, क्योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

दैनिक यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 56 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 21 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

मोंटी कार्लो कंपनी से राशि की वसूली पर नपा अध्यक्ष का ओछापन - राजेश

सिवनी यशोः- किसी विद्वान ने कहा है प्रशंसा के भूखे योग्यता के कंगाल होते है यह युक्ति सिवनी नगर पालिका की कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद पर सटीक बैठती है । नगर पालिका के सबसे सीनियर पार्षद जो अपने पूरे पार्षदी कार्यकाल में हर गलत काम का भी आँख बंद कर केवल अपने स्वार्थो के कारण समर्थन करते रहे और विरोध करना तो दूर की बात है मूक दर्शक बने रहते थे आज सिवनी नगर पालिका में वह अध्यक्ष जैसे गरिमामय पद पर है परंतु वे पद की गरिमा को भी तार तार करने से नहीं चूक रहे है । उन्होंने मोंटी कार्लो कंपनी के द्वारा लौटायी राशि पर पत्रकार वार्ता कर जिस ओछेपन का परिचय दिया है वह अध्यक्ष जैसे गरिमामय पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देता और इस पूरे मामले में जिला कांग्रेस मूक दर्शक बनकर कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद की पीठ थपथपाती रही जो कांग्रेस की घटिया मानसिकता का नग्न प्रदर्शन ही कहा जा सकता है ।

उक्ताशय की बात भाजपा पार्षद राजेश राजू यादव ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही । भाजपा पार्षद दल के सचेतक राजेश यादव ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जानकारी देते हुये बताया कि मोंटी कार्लो कंपनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का काम नहीं करने के संबंध में दिनांक 07 अगस्त 2021 को अपना पत्र नगर पालिका परिषद को सौंप दिया था । इसके पश्चात 28 मार्च 2022 को तत्कालीन प्रशासक एवं जिला कलेक्टर राहुल हरिदास फटिंग ने उक्त कंपनी के काम से संबंधित फाईल को देखकर उसे बंद कर दिया एवं मोंटी कार्लो कंपनी को 04 अप्रैल 2022 को पत्र क्रमांक 20 के माध्यम से राशि की वसूली के लिये कड़ा पत्र लिखा । इसके पश्चात सिवनी नगर पालिका द्वारा 12 अक्टूबर 2022 को रिमांडर दिया गया इसके पश्चात 12 दिसंबर 2022 को नगर पालिका ने मोंटी कार्लो कंपनी की बैंक ग्यारंटी और एफ डी आर वापिस नहीं करने के लिये कार्यवाही की इसके पश्चात 17 मार्च 2023 को कंपनी के प्रतिनिधि एवं नगर पालिका के अधिकारियों के बीच बैठ हुई जिसमें राज्य सरकार के निर्देशानुसार वसूली के लिये नियम की जानकारी देते हुये कानूनी कार्यवाही का हवाला दिया गया और इसके परिणाम स्वरूप कंपनी ने नगर पालिका परिषद को 14 जून को 5 करोड़ 92 लाख 91 हजार 993 रूपये की राशि वापिस की ।



शासन के निर्देश पर हुई वसूली , कांग्रेसी परिषद अपनी पीठ थपाकर कर सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में पत्रकार वार्ता कर अपनी आयोग्यता का परिचय दे रही है

इस राशि के वापिस होने पर सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान ने उतावलापन दिखाते हुये पत्रकारवार्ता आयोजित कर अपनी स्वयं की पीठ थपथपाने का खोखला प्रदर्शन किया जबकि सिवनी नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष बनने के पश्चात इन्होंने अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवासों की कभी कोई चिंता नहीं की और न ही परिषद में इस विषय पर कोई चर्चा की ।

श्री यादव ने कहा कि सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष को नगर की जनता की परेशानियों की यदि चिंता होती तो वे सिवनी नगर में नवीन जलावर्धन योजना के तहत हुये घटिया कार्यो को करने वाली कंपनी को भुगतान नहीं करते और इस कंपनी के द्वारा किये गये कार्यो में खुला भ्रष्टाचार होने की जाँच रिपोर्ट परिषद द्वारा गठित जाँच समिति द्वारा ही दी गयी है जिसके विपरीत जाकर नपा अध्यक्ष ने भुगतान करने का पाप किया है । जिसे नगर की जनता कभी माफ नहीं करेगी ।

सीएम राइज विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का हुआ गठन

छपारा यशोः- सोमवार 19 जून को विकास खंड के सीएम राइज विद्यालय समिति द्वारा विद्यालय प्रबंधन एवम विकास समिति का गठन किया गया जिसमे विद्यालय के शिक्षको के साथ जनप्रतिनिधियों को इस समिति में शामिल किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य एवं विकास समिति के अध्यक्ष एम.के.रहमतकर के द्वारा बताया गया कि विद्यालय की प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन सोमवार को बैठक आयोजित कर किया गया जिसमें अध्यक्ष ,सचिव एवं सदस्यों का चयन किया गया, जिसमे अध्यक्ष सचिन के अवदिया स्थानीय निकाय प्रतिनिधि रामेश्वर वंजारा, सोनल श्रीवात्री, ग्राम शिक्षा समिति प्रतिनिधि नगर परिषद उपाध्यक्ष उ.शिवकांत सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। सभी नवगठित समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सीएम राइज विद्यालय की निर्माणधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि विद्यालय के नये बहुमंजिला भवन का निर्माण प्रगति पर है जिसका फाउडेशन का कार्य तेज गति हो रहा है। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकांत सिंह सहित विद्यालय के लगभग शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

हीरो के नए माडल की हुई लांचिग

छपारा यशोः- आज गायत्री एजेंसी छपारा में नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह जी के द्वारा हीरो न्यू पैशन प्लस की लांचिंग की गई, पूरे मध्यप्रदेश में आज हीरो कम्पनी ने अपने 100 cc की क्लास-6 मॉडल, पैशन प्लस बहुत ही उपयोगी, नए फीचर्स एवम नए कलर्स में लांच की है, यह मॉडल नए डिजिटल मीटर, एवम एफ आई तकनीक के साथ हीरो कम्पनी ने 100,ष्ट्ट की श्रृंखला में बहुत ही आकर्षक एवम सुंदर दिखने वाली बाइक है, ग्राहक द्वारा बहुत पसंद की जा रही है, लांच होने के पहले ही इस गाड़ी की बुकिंग शुरू हो गई है, इस अवसर पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं हीरो के कस्टमर उपस्थित रहे ।

धूमधाम से निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, आज भंडारा

सिवनी यशोः- मुख्यालय के प्राचीन जगन्नाथ मंदिर से मंगलवार की शाम भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूम-धाम से निकाली गई।रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ की बहिन सुभद्रा व भाई बलराम की झांकी भी शामिल रही।वहीं 21 जून को शाम चार बजे से भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है।

जगन्नाथ मंदिर के प्रबंधक सुनील राव पवार ने बताया है कि रथयात्रा सुभाष वार्ड स्थित जगन्नाथ मंदिर से बालरूप हनुमान मंदिर, सुभाष वार्ड, सुनारी मोहल्ला, शुक्रवारी राम मंदिर, काली चौक होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर, गणेश चौक, जैन मंदिर के सामने से फिर शुक्रवारी होते हुए नेहरू रोड, कृष्ण मंदिर, दुर्गा चौक, मठ मंदिर होते हुए छिंदवाड़ा चौक से लखनवाड़ा घाट पहुंची।यहां वैनगंगा नदी तट में पूजन-अर्चन बाद देर रात रथयात्रा वापस जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।रथयात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की आरती व पूजन किया गया।

प्रवेश उत्सव में उपस्थित हुए अभिभावक गण

सिवनी यशोः- शिक्षक उस बीज के समान होता है जो अच्छी भूमि पर पडता है तो अच्छी फसल देता है, इसी प्रकार शिक्षक के संपर्क में जब विद्यार्थी आता है तो वह योग्यता के अनुसार परिणाम प्राप्त करता है शिक्षक विद्यार्थियों के भाग्य का निर्माता है लेकिन इसके लिए विद्यार्थी को परिश्रम करना पडता है जो विद्यार्थी जीवन में कठिन परिश्रम करते है उनका भविष्य उज्जवल होता है शालाऐं एवं शिक्षक चुरे नहीं होते बल्कि वह विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माता होते हैं । उक्त उदगार ईएफए शास. नेताजी सुभाष चंद बोस उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवनी में अयोजित प्रवेश उत्सव के अवसर पर शिक्षा विभाग के एडीपीसी एम.के. सैयाम ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद राजिक अकील ने नव प्रवेश विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ तथा प्राचार्य प्रेम नारायण वारेश्वा ने तिलक लगा कर पुस्तक प्रदान की । कार्यक्रम के दौरान शाला के शिक्षक एवं अभिभावको ने भी प्रवेश उत्सव के संबंध में अपनी बात रखी। साथ ही आये हुए अतिथियों द्वारा शाला के प्राचार्य एवं स्टाप की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना अंजुला भलावी एवं नेहारानी साहू ने की। कार्यक्रम में अकीला खान पूजा पाण्डेय प्रभुदयाल नाग विजय शुक्ला टी. व्ही. शिव आशा नागदेवे प्राची बघेल अभिलाष मिश्रा दिनेश ठाकुर नीलेश कुशवाहा सुरभी लिल्होरे सहित अनेक लोगो ने प्रवेश उत्सव के महत्व को विस्तार से रखा इस अवसर पर बच्चे एवं अभिभावक गण मोके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाला की वरिष्ठ शिक्षक शिखा कार्तिकेय विजय लक्ष्मी विसेन अराधना राय अंजना राय कविता राय सफी खान साबिर खान राजकिशोर दुबे राजकुमार डहेरिया द्वारका प्रसाद शिवेद्री राजेश्वरी धुर्वे शशि लखेरा सुनीता तिवारी राजेश श्रीवास्तव सादिक रूमवी ऋचा सनोडिया स्वालेहा खान फरजाना खान आदि उपस्थित रहे।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दो दिवसीय प्रवास पर जबलपुर आयेंगे

मुख्यमंत्री करेंगे अगवानी

सिवनी यशोः-उप राष्ट्रपति

जगदीप धनखड़ दो दिवसीय प्रवास पर 20 जून की रात 7.45 बजे जबलपुर आयेगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उप राष्ट्रपति की अगवानी करेंगे। उप राष्ट्रपति 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय स्तर के योग कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ का मंगलवार 20 जून की शाम 4.20 बजे नई दिल्ली से भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। श्री धनखड़ भेड़ाघाट और ग्वारीघाट जायेंगे। ग्वारीघाट में शाम 7.20 बजे नर्मदा महाआरती में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम के बाद उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ 21 जून को सुबह 6 बजे गैरीसन ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सुबह 8.15 बजे भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

कांग्रेस के समय दलाल खा जाते थे 85 प्रतिशत, भाजपा ने बंद कर दी दलाली प्रथा - आलोक

सिवनी यशोः- आज पूरी दुनिया कह रही है कि 21 वीं सदी भारत की सदी है। बीते नौ सालों में भारत ने एक सशक्त अर्थव्यवस्था वाली पालिसी पर काम किया है और दुनिया की अर्थव्यवस्था में 'टॉप फाइव' का स्थान सुनिश्चित किया है । भारत ने बीते नौ साल में एक पार्टी के 'अपना परिवार अपना विकास' नीति को दरकिनार कर 'सबका साथ, सबका विकास' की कहानी लिखी है। पहले भारत की आवाज अनसुनी कर दी जाती थी। आज जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म कर विकासवाद की राजनीति प्रतिष्ठित की है। उच्छाशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने सिवनी विधानसभा स्तरीय पत्रकार वार्ता में कही ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के गौरवपूर्ण नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चल रहा है इसी अवसर पर सिवनी विधानसभा की मंगलवार को सिवनी भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता आयोजित की गयी आयोजित पत्रकारवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे के साथ सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद सिंह ठाकुर भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी उपस्थित रहे ।

श्री दुबे ने पत्रकारवार्ता में कहा कि पहले योजनाएं कागजों की धूल फांकती रहती थी। आज एक ही कार्यकाल में योजनाएं बनती भी हैं और जमीन पर उतरती भी है। शिलान्यास और उद्घाटन दोनों एक ही कार्यकाल में होता है। पहले बिचौलिए लाभार्थियों का पैसा खाते थे, आज बिचौलिया संस्कृति को खत्म किया गया है। भ्रष्टाचार के दीमक को खत्म किया जा रहा है। पहले के प्रधानमंत्री कहते थे, गरीबों को एक रुपया भेजता हूँ, तो केवल 15 पैसे जनता तक पहुँच पाते हैं। न जाने कौन सा पंजा था कि रुपये में 85 पैसे को खा जाता था। आज नरेन्द्र मोदी सरकार में 100 रुपये भेजे जाते हैं तो 100. रुपये पहुंचते हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार में तो इसमें और अधिक पैसा जुड़कर गरीबों तक पहुँचता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों के 85 पैसा खाने वाले पंजे से अर्थव्यवस्था को निकालकर इसे भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है।

गुलामी के भाव को समाप्त किया मोदी सरकार ने

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि आज देश से गुलामी के प्रतीको को विदा किया जा रहा है पहले उन्हें महिमा मंडित किया जाता था प्रधानमंत्री ने देश के सोचने के स्केल के ऊपर उठाया है। धारा 370 धाराशायी हुआ, ट्रिपल तलाक की कुप्रथा खत्म हुई और आतंकवाद पर सर्जिकल हुआ, एयर स्ट्राइक हुआ। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भी तेज गति से चल रहा है। इंडिया गेट पूरी तरह से बदल गया है। जहां पर जार्ज पंचम की मूर्ति थी आज वहां सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा है। वीरों की गाथा गाता हुआ नेशनल वॉर मेमोरियल है।

कलयाणकारी योजनाएँ गरीबो के लिये बन रही संबल

श्री दुबे ने कहा कि बीते नौ वर्षों में देश में लगभग 48 करोड़ लोगों के जन-धन एकाउंट खोले, उज्जवला योजना के तहत साढ़े नौ करोड़ गैस कनेक्शन वितरित किये गये। देश में लगभग साढ़े तीन करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई गई। 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। 10 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है और लगभग साढ़े 12 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ से अधिक गरीबों का घर दिए गए। आवास निर्मित हुए हैं और हर घर में बिजली, पानी, गैस, शौचालय और आयुष्मान कार्ड पहुँचाया गया। देश में लगभग 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। बीते नौ वर्षों में गरीबों एवं वंचितों की सेवा करने वाला भारत बना है। नारी शक्ति को संबल देने वाला भारत बना है, युवाओं के सपनों को पूरा करने वाला भारत बना है, किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने वाला भारत बना है, सबके लिए सहज, उत्तम सेवाओं वाला भारत बना है तथा विश्व में निरंतर विकास करने वाला भारत बना है। आज का भारत विरासत के साथ विकास करने वाला भारत है।

कांग्रेस ने जनता को केवल धोखा दिया, भाजपा ने किया विकास - दिनेश राय

आयोजित पत्रकारवार्ता में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी विधासभा क्षेत्र में हुए कार्यो के बारे पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि भाजपा के शासन में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी की सरकार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास और व्यापक जनकल्याण की योजनाओं के साथ ही सिवनी विधानसभा क्षेत्र में विकास के अनेक ऐसे काम किये है जिससे क्षेत्र के निवासियों को बेहतर शिक्षा, समृद्ध और संपन्न प्राप्त होने के द्वार खुले है । जो काम माननीय शिवराज जी की सरकार ने किये है उसकी कांग्रेसी सरकारों से कल्पना नहीं की जा सकती । कांग्रेस के नेताओं ने सिवनी से हमेश छीनने का पाप किया है देने के नाम पर क्षेत्र की जनता को केवल धोखा दिया है ।

विकास और जनकल्याण भाजपा की पहचान - पेंच की नहरों से क्षेत्र में आयी समृद्धि

श्री राय ने कहा कि सिवनी विधानसभा मुख्यालय में विकास के साथ सुशासन जनकल्याण भाजपा सरकार की पहचान रही है । विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पेयजल पहुँचाने की दिशा में बड़ा कार्य प्रगतिरत है । क्षेत्र के बडे भू- भाग में पेंच की कलकल करती नहरों के माध्यम से सिचाई हो रही है कांग्रेस ने पेंच परियोजना के नाम पर क्षेत्र के किसानों को वर्षो ठगा परंतु भाजपा की सरकार बनते ही पेंच की नहरों के माध्यम से गांव गाँव और खेत खेत तक पानी पहुँच रहा है खेत लहलहा कर शिवराज सरकार का यशगान कर रहे है । पेच परियोजना के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र की हजारों एकड़ कृषि भूमि सिंचित हो रही है । इसके अलावा जहाँ पेंच नहर का पानी पहुंचना संभव नहीं है वहाँ लघु सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से सिंचाई परियोजनाओं पर काम हो रहा है । विधानसभा क्षेत्र में दरबई जलाशय, तिन्सा जलाशय, मटामा मुण्डरई जलाशय, भीमकुंडी जलाशय रामगढ़ जलाशय धुंधीटाला जलाशय के लिये करोड़ों रूपये की स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गयी है ।

गांव गाँव तक पहुँचेगा शुद्ध पेयजल और हो रहा शिक्षा का प्रसार

श्री राय ने कहा कि बंडोल ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से 211 ग्रामों में पेयजल की सप्लाई होना है जिसके लिये 125 पानी की टंकियों का निर्माण किया जा रहा है । विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार के लिये उच्च शिक्षा के लिये उल्लेखनीय कार्य हुये है और प्राथमिक से लेकर हायर सेकन्डरी तक के स्कूलों का जहाँ नवीनीकरण हुआ है वहीं सुविधाओं का विस्तार करते हुये माध्यमिक स्कूलों, हाई स्कूलों का उन्नयन बड़ी संख्या में हुआ है हर गांव तक शिक्षा का विस्तार करने का क्रम निरंतर जारी है ।

श्री राय ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की शिवराज सरकार लगातार किसान, गरीब, मातृशक्ति को सामर्थवान बनाने में जुटी है युवाओं को शासकीय अशासकीय क्षेत्र में रोजगार के लिये जहाँ सरकारे पद निर्माण कर रही है वहीं स्वारोजगार के क्षेत्र में सरकारों ने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत स्किल इंडिया, सीखो कमाओ के तहत प्रशिक्षण और सहयोग के लिये क्रांतिकारी कदम उठाये ।

भाजपा ने जिले को दिया मेडीकल कालेज - मातृशक्ति लाड़ली बहना से होगी सशक्त

पत्रकारों से चर्चा करते हुये श्री राय ने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार किसानों को किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थित मजबूत करने में जुटी हुई है वहीं किसानों को सिंचाई, खाद - बीज, कृषि उपकरण और वैज्ञानिक सलाह के लिये बेहतर प्रयास निरंतर कर रही है और देश तथा प्रदेश में किसान निरंतर प्रगति की ओर है निरंतर उत्पादन बढा रहा है । श्री राय ने बताया कि जिले में मेडीकल कालेज प्रारंभ करने के लिये भारतीय जनता पार्टी संकल्पित है और इसका कार्य प्रगति पर है । सिवनी नगर को सुंदर बनाने के लिये तेजी से कार्य चल रहा है और नगर चौक चौराहो जलाशयों को सुंदर बनाने के लिये कार्य किये जा रहे है । नगर के ऐतिहासिक दलसागर तालाब को सुंदर बनाने के साथ इसके ऐतिहासिक महत्व को भी प्रतिपादित करने का काम हमारी भाजपा सरकार करने जा रही है ।

महिलाओ को आर्थिक संपन्नता प्रदान करने के लिये लाड़ली बहना योजना पूरी दुनिया की अनोखी योजना है और इसके माध्यम से मध्यप्रदेश में मातृशक्ति को बड़ा संबल ही प्रदान नहीं होगा इसके माध्यम से उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आयेगा यह योजना मातृशक्ति की प्रतिभा और क्षमताओं को बढाने में मील का पत्थर साबित होगी ।

धर्मांतरण के लिए 'कुत्ता' बनाने वाले आरोपियों के घर पर चला शिवराज सरकार का हथौड़ा, चंद मिनटों में गुरूर को किया चूर

भोपाल। धर्मांतरण के लिए हिंदू युवक को कुत्ता बनाने वाले आरोपियों पर मध्यप्रदेश सरकार ने कार्रवाई तेज कर दी है। छह घंटे के अंदर ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उनके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को टीला जमालपुरा थाने में लाया गया था। उस वक्त वहां लोगों की काफी भीड़ थी। इसके बाद कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया है। वहीं, उनके घरों पर शिवराज सरकार का हथौड़ा चलने लगा है।

दरअसल, वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों के खिलाफ शिवराज सरकार ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। प्रशासन की तरफ से कहा गया था कि उनके घरों पर बुलडोजर कार्रवाई होगी। गली संकीर्ण होने की वजह से वहां बुलडोजर नहीं पहुंच सकता था। निगम के दस्ता ने अतिक्रमण को चिह्नित किया। इसके बाद हथौड़ा से ही आरोपियों का घर तोड़ दिया गया है। मौके पर भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

प्रशासन ने घरों को पूरी तरह से खाली करवा दिया था। इसके बाद हथौड़ा कार्रवाई शुरू की गई है। वहीं, तीन आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है। शिवराज सिंह ने वीडियो वायरल होने के बाद नाराजगी व्यक्त की थी। इसके बाद भोपाल में पुलिस प्रशासन एक्टिव हुई और कार्रवाई शुरू हो गई है। हाल के दिनों में भोपाल समेत प्रदेश के अन्य हिस्सों से धर्मांतरण के कई मामले सामने आए हैं। इसके बाद से सरकार के इकबाल पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

क्या है मामला

दरअसल, पंचवटी कॉलोनी के रहने वाले विजय के साथ छह लोगों ने मारपीट की थी। साथ ही गले में कुत्ते का पट्टा डालकर उसे भौंकने के लिए कह रहे थे। यही नहीं उससे धर्मांतरण के लिए भी कहा जा रहा था। पिटाई के डर से पीड़ित मियां भाई बनने के लिए तैयार हो गया। आरोपियों ने वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस में शिकायत हुई और कार्रवाई शुरू हो गई है।

सतपुड़ा भवन आग मामले में जांच कमेटी ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट, आग लगने और लापरवाही का हुआ बड़ा खुलासा

भोपाल। सतपुड़ा भवन में लगी आग के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. दरअसल, आज जांच कमेटी ने सरकार को रिपोर्ट भेजी जिसमें आग लगने की वजह से करोड़ों रुपये का नुकसान बताया गया है.

भोपाल। सतपुड़ा भवन आग मामले में जांच कमेटी ने सोमवार को सरकार को रिपोर्ट सौंपी. इस रिपोर्ट में जांच कमेटी ने सतपुड़ा भवन की थर्ड फ्लोर में AC के पावर सप्लाई लूज कनेक्शन में स्पार्किंग से आग लगना पाया. आगजनी की घटना में अनुमानित आंकलन आर्थिक हानि 24 करोड़ बताया गया. बता दें कि कमेटी ने तीन स्थानों का निरीक्षण किया. साथ ही 32 लोगों के बयान लिए जिसके बाद जांच कमेटी ने 287 पन्नों की रिपोर्ट सरकार को सौंपी.

तीसरे फ्लोर पर लगी थी आग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 4 बजे के आस -पास सतपुड़ा भवन के तीसरे फ्लोर पर आग लगी थी. देखते ही देखते इस आग ने विकराल रुप धारण कर लिया. आग लगने की वजह से पूरे बिल्डिंग में भगदड़ मच गई थी.लोगों में डर का माहौल खड़ा हो गया था. धीरे- धीरे ये चौथे फ्लोर पर आग फैल गई थी. आग की वजह से बिल्डिंग में लगी एसी फटने लगी, जिसके बाद करीब 50- 60 दमकल की गाड़ियां 300 टैंकर दो एफबी सहित विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 15 घंटे बाद आग पर काबू पाया.

मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा प्रशासनिक भवन है सतपुड़ा

बता दें कि सतपुड़ा भवन में मध्य प्रदेश सरकार के कई ऑफिस भी थे. जिसके बाद कांग्रेस (ष्टश्वठ्ठद्दह्लद्बह्लह्य) ने बीजेपी (ञ्जष्ठक) पर सवाल खड़ा किया है. ये पूरा घटना क्रम कैसे हुआ, कब - कब क्या हुआ क्या एक्शन लिया गया जानते हैं. गौरतलब है कि सतपुड़ा भवन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के वल्लभ भवन के सामने सतपुड़ा भवन स्थित है. यह छह फ्लोर की बिल्डिंग है. यह मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा प्रशासनिक भवन है. इसमें रोजाना लगभग 700 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं. बता दें कि प्रदेश में प्रशासन से जुड़ी सारी गतिविधियां इस भवन से होकर आती जाती हैं.

गायों की एकता के सामने कमजोर हो गई टाइगर की ताकत, बिना शिकार किए उल्टे पैर लौटा

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक बार फिर से टाइगर दिखाई दिया है। केरवा, भदभदा क्षेत्र में एक टाइगर गाय के बछड़े का शिकार करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान टाइगर पर गायों ने हमला बोल दिया। एक साथ कई गायों को अपने सामने पाकर टाइगर मौके से बिना शिकार किए ही भाग गया।

भोपाल। क्या कभी गायें, टाइगर का मुकाबला कर सकती हैं। लेकिन एमपी की राजधानी भोपाल में गायों की एकता ने एक टाइगर को बिना शिकार किए ही लौटने पर मजबूर कर दिया। दरअसल, राजधानी भोपाल में एक बार फिर बाघ (ञ्जद्बह्लद्बह्ल) की गतिविधि दिखाई दी है। हर बार की तरह इस बार भी टाइगर छ्वष्ठञ्जङ्क कैमरे में कैद हुआ है। मामला केरवा के भदभदा रोड स्थित मदरबुल फार्म का है। अचानक एक टाइगर आता है और एक गाय के बछड़े का शिकार करने की कोशिश करता है, लेकिन टाइगर को बिना शिकार के ही उल्टे पांव भागने को मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि वहां मौजूद गायें टाइगर पर हमला बोल देती हैं।

भोपाल में टाइगर के मूवमेंट की वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि अचानक जंगल की ओर से दौड़ते हुए एक टाइगर आ रहा है। टाइगर सड़क के किनारे बैठी एक गाय पर हमला कर देता है। टाइगर गाय के शिकार की कोशिश करता है, लेकिन आसपास में खड़ी गाय झुंड बनाकर टाइगर पर हमला कर देती हैं। गायों की एकता के सामने टाइगर कमजोर हो जाता है और मौके से भाग जाता है।

गायों से हार गया टाइगर सीसीटीवी में कैद हुई घटना

यह पूरा वाक्या पास में ही लगे छ्वष्ठञ्जङ्क कैमरे में कैद हो गया। आपको बता दें कि राजधानी भोपाल का केरवा क्षेत्र टाइगर के मूवमेंट वाला इलाका है। यहां पर आए दिनों टाइगर का भ्रमण देखा जाता है। करीब 2 महीने पहले क्षेत्र में अपनी कुछ शावक एक बाघिन के साथ दिखाई दिए थे। इसके पहले अन्य घटना में 8 फीट से ऊंची बाउंड्री वॉल के अंदर छलांग लगाकर एक टाइगर ने एक कुत्ते का शिकार कर लिया था।

लगातार मिलती रहती हैं शिकायतें

क्षेत्र के निवासी लगातार अधिकारियों को शिकायत करते रहते हैं। क्योंकि आए दिन यहां पर टाइगर का मूवमेंट होता है। वन विभाग के अधिकारी भी बताते हैं कि भोपाल के कलियासोत और केरवा डैम के आसपास कई बाघ हैं। भदभदा, ज्यूडिशियल एकेडमी, वाल्मी, कलियासोत-केरवा डेम और पहाड़ी पर यह बाघ घूमते रहते हैं। हालांकि समय-समय पर वन विभाग यहां के रहवासियों को सतर्क करता है कि रात में कहीं बाहर नहीं निकले और सतर्क रहें।

कमलनाथ की सुरक्षा में बड़ी चूक, हेलीकॉप्टर के पंखे में फंसा झंडा, बाल-बाल बचे लोग

इंदौर। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के महिदपुर विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का सोमवार को कार्यक्रम रहा. इस दौरान कमलनाथ ने मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक ली. इसके बाद प्रेस वार्ता की और आम सभा को संबोधित किया. लेकिन इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सीएम कमलनाथ की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई. दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जब महीदपुर में चुनावी शंखनाद करने पहुंचे तब गनीमत रही महिदपुर हेलीपेड पर एक बड़ा हादसा होते होते टल गया. जिसका एक वीडियो कार्यक्रम के बाद तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

उज्जैन में हुआ हादसा

दरअसल, कमलनाथ का हेलीकॉप्टर हेलीपेड पर लैंड हुआ ही था कि अचानक कार्यकर्ताओं व नेताओ में कमलनाथ से मिलने की होड़ मच गई. कुछ कार्यकर्ता हेलिकॉप्टर बंद होने से पहले हेलीकॉप्टर के पास पहुंच गए .जिससे पार्टी का झंडा हेलीकॉप्टर की पंखुड़ी में फंस गया और फट गया. हालांकि सभी सुरक्षित है. इस दौरान जिम्मेवारों के कार्यशैली की लापरवाही सामने आई है, जिसे सुरक्षा में बड़ी चूक माना जा रहा है.

कमलनाथ ने सीएम शिवराज पर कसा तंज

उज्जैन पहुंचे कमलनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान पर तंज कसते हुए भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया. उन्होंने कहा कि, शिवराज को बड़े प्यार से हम विदा करेंगे. संभाग स्तरीय चुनावी शंखनाद करने पहुंचे कमलनाथ की सभा मे बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे. कमलनाथ ने महिदपुर को प्रदेश का सबसे भ्रष्टाचारी विधानसभा बताया और पुलिस अधिकारियों के कार्य से नाराज दिखें. कमलनाथ ने कहा मेरी चक्की देर से चलती पर पिसती बारीक है. मैं गर्व से कहता हूं हिन्दू हूँ पर बेवकूफ नहीं. आज भी 40-45 साल पुरानी जवानी है मुझमें. कमलनाथ ने कहा में शिवराज को नहीं हरा सकता.

आपको बता दें सभा स्थल के मुख्य मंच पर लगाए गए होर्डिंग में प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ का बड़ा फोटो लगाया गया था. साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी का भी फोटो पोस्टर के टॉप पर दिखा. लेकिन राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश दिग्विजय सिंह को होर्डिंग में जगह नहीं दी गई.

इंदौर के नजदीक इस गांव में बाघ और तेंदुए से लोगों में दहशत, सतपुड़ा से बुलाई गई वाइल्ड लाइफ की टीम

इंदौर। इंदौर के नजदीक मलेंडी गांव में बाघ द्वारा बुजुर्ग का शिकार किए जाने के बाद वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया है. बाघ को पकड़ने के लिए सतपुड़ा से वाइल्डलाइफ की टीम को बुलाया गया है. डीएफओ ने रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए हाथी की भी मांग की है. इधर मामले में मंगलवार दोपहर सांसद शंकर लालवानी और कलेक्टर ने मीटिंग की और ऑपरेशन कैसे रन किया जाएगा इस पर मंथन किया.

बाघ अब तक 3 मवेशियों को शिकार बना चुका है. बाघ ने रविवार को 80 वर्षीय बुजुर्ग सुंदर लाल को भी अपना शिकार बनाया. वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया है.

सतपुड़ा से बुलाई गई वाइल्ड लाइफ की टीम

महू के मलेंडी गांव में पिछले एक माह से बाघ और तेंदुए की उपस्थिति बनी हुई है जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. बाघ अब तक तीन मवेशियों का शिकार कर चुका है. रविवार को बाघ ने 80 वर्षीय बुजुर्ग सुंदर लाल को भी अपना शिकार बनाया. मलेंडी में बाघ और तेंदुए की मूवमेंट पता चलने के बाद से ही वन विभाग लगातार सर्चिंग ऑपरेशन कर रहा है, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है.

बुजुर्ग की मौत के बाद विभाग ने रेस्क्यू अभियान को और तेज कर दिया है. डीएफओ ने सतपुड़ा से वाइल्डलाइफ की टीम बुलाई है साथ ही जंगल में बाघ की सर्चिंग के लिए हाथी और ट्रेंड महावत की भी मांग की है. डीएफओ नरेंद्र पंडव के अनुसार बाघ को ट्रेंकुलाइज करने का प्रयास किया जाएगा.

डीएफओ ने बताया कि बाघ को रेस्क्यू करना चुनौतीपूर्ण है लेकिन एक या 2 दिन में उसे रेस्क्यू कर लिया जाएगा. इधर बुजुर्ग की मौत के बाद वन विभाग मुआवजे के रूप में सुंदरलाल के परिजनों को आठ लाख रुपए देगा, इसमें से 25 हजार की नकद राशि रविवार को दी गई थी शेष 7 लाख 75 हजार सोमवार को उनके खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे.

इंदौर सांसद और कलेक्टर ने बैठक की

बताया जा रहा है कि महू आर्मी एरिया सहित 40 किलोमीटर के दायरे में दो बाघ और तीन तेंदुए मौजूद हैं जिनसे आम नागरिकों और ग्रामीणों को खतरा हो सकता है. ग्रामीणों की मानें तो उन्हें रातभर जागकर इस बाघ से खुद को बचाना होता है. इस मामले में अब आज इंदौर सांसद और कलेक्टर ने बैठक की और आगे की रणनीति कैसी हो उस पर विचार किया

कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघिन की मौत, 15 साल थी उम्र, सामने आई जान जाने की वजह

मंडला। मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में एक बाघिन की मौत हो गई है. बघिन-ञ्ज 14 की उम्र तकरीबन 14 से 15 साल बताई जार रही है. रेंजर्स के मुताबिक मौत का कारण प्राकृतिक है. माना जा रहा है कि बाघिन उम्रदराज थी, इस वजह से उसकी मौत हो गई. परसाटोला बीट के कन्हारी रेंज की यह घटना है. कुछ दिन पहले नौरादेही अभ्यारण में बाघ किशन की टेरिटरी की लड़ाई के बाद मौत हो गई है. 4 दिन पहले अभ्यारण में बाघ किशन और बाहर से आए बाघ ह्र3 के बीच टेरेटरी को लेकर संघर्ष हुआ था जिसमें बाघ किशन जख्मी हो गया था, उसके चेहरे और जबड़े के पास घाव के निशान थे.

पन्ना से आई डॉक्टर की टीम और रहली के वेटनरी डॉक्टर की टीम ने 3 दिनों तक किशन का इलाज किया. इलाज के बाद बाघ के स्वास्थ्य में सुधार भी आ रहा था लेकिन वन विभाग की पेट्रोलिंग टीम ने नौरादेही रेंज की बामनेर नदी के किनारे ह्र2 को देखा तो वह मृत पाया गया था. फिर इसकी सूचना वन विभाग के सीनियर अधिकारियों को दी गई.

भाजपा का घर-घर संपर्क अभियान शुरू, सीएम शिवराज ने पार्टी की उपलब्धियों के पर्चे बांटे

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में पिछले नौ साल में जबरदस्त काम हुए हैं

भोपाल। भोपाल के हुजूर विधानसभा क्षेत्र में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मंगलवार को महाजनसंपर्क अभियान शुरू किया। उन्होंने विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ लालघाटी स्थित नंदीश्वर दीप जिनालय बूथ से जनसंपर्क की शुरुआत की। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा प्रदेश में 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कारण से 20 से 30 जून तक प्रदेश के 65 हजार बूथों पर 10 दिन घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

सीएम शिवराजसिंह ने जैन मंदिर में पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर ख्रग्रमेश्वर शर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, पार्षद ज्योति जगदीश यादव समेत भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में पिछले नौ साल में जबरदस्त काम हुए हैं। इन्हीं की जानकारी देने के लिए हम जनता के बीच जा रहे हैं। हमें आप सब का आशीर्वाद चाहिए। जैन मंदिर परिसर में सीएम का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल धमाकों के साथ सीएम की अगवानी की। सीएम ने विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ जाकर अनेक घरों में भाजपा की उपलब्धियों से संबंधित पर्चे वितरित किए।

दूसरी ओर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल उत्तर विधानसभा में लोगों से संपर्क किया जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल मध्य विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर संपर्क किया। गृह मंत्री डा नरोत्तम मिश्रा भी भोपाल में संपर्क करेंगे। पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बूथों पर पहुंचकर घर-घर संपर्क करेंगे और भाजपा सरकार की उपलब्धियों के पर्चे लोगों को देंगे।

आरोपी को नहीं पहचान पाई पीड़िता, कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट पर सुनाई उम्रकैद, चलती ट्रेन में मैनेजर ने किया था रेप

मध्यप्रदेश की नर्मदापुरम कोर्ट ने एक आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। चलती ट्रेन में रेप के आरोपी को पीड़िता ने पहचाने से इंकार कर दिया था। कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की थी। मामला 9 फरवरी 2022 का है। टिकट दिलाने के बहाने आरोपी ने किया था रेप।

भोपाल। चलती ट्रेन में महिला से दुष्कर्म के मामले में एक अदालत ने ट्रेन की पैंट्री कार मैनेजर को उम्र कैद की सजा सुनाई है। मामला मध्य प्रदेश का है। दरअसल, यशवंतपुर हजरत निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन में आरोपी ने गर्भवती महिला के साथ रेप किया था। दिलचस्प पहलू यह है कि दुष्कर्म पीड़िता ने कोर्ट में राजीनामा करके पैंट्री कार मैनेजर को पहचानने से ही मना कर दिया था, लेकिन डीएनए रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर अदालत ने आरोपी को सजा सुना दी। घटना 12-13 फरवरी के दरमियान रात की है। इस वक्त ट्रेन इटारसी की ओर आ रही थी।

रेल पुलिस के अनुसार दिल्ली की रहने वाली 31 साल की युवती 9 फरवरी 2022 को अकेले मुंबई गई थी। वह टिकट लिए बगैर भुसावल से यशवंतपुर निजामुद्दीन कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस की एसी कोच में बैठ गई। रात में जब वह है एसी कोच में जमीन पर लेटी थी तो मैनेजर भूपेंद्र तोमर उसे जनरल कोच में ले जाने और टिकट दिलाने के बहाने पैंट्रीकार में ले गया। उसके बाद डरा धमका कर वहीं पर दुष्कर्म किया।

नर्मदापुरम जिले में हुई सुनवाई

इसके बाद युवती ने दो तीन यात्रियों को इसकी जानकारी दी। यात्रियों ने भोपाल रेलवे स्टेशन प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। भोपाल स्टेशन प्रबंधन और आरपीएफ ने जांच की तो आरोपी पैंट्रीकार मैनेजर कहीं और कोच में जाकर छुप गया। उसे झांसी की रेलवे स्टेशन में गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की पूरी जांच नर्मदापुरम जिले के इटारसी रेलवे पुलिस ने की। जिसके बाद मामला नर्मदापुरम जिला अदालत पहुंचा।

पीड़िता से किया था राजीनामा

जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा के अनुसार 32 वर्षीय भूपेंद्र सिंह तोमर जो कि ट्रेन में पैंट्रीकार मैनेजर था। उसने इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने जब आरोपी को गिरफ्तार किया तो महिला ने उसे पहचान लिया था, लेकिन बाद में वह कोर्ट में आरोपी को पहचानने से मुकर गई थी। बताया जाता है कि युवती ने पैंट्री कार मैनेजर से राजीनामा कर लिया था। कोर्ट ने इस बात को स्वीकार नहीं किया। रेप के वक्त जब्त की गई सामग्री और आरोपी के स्पर्म की जांच में साबित हुआ कि दुष्कर्म पैंट्री कार मैनेजर भूपेंद्र सिंह तोमर ने ही किया था। इसे ही आधार मानकर कोर्ट ने उसे उम्र कैद की सजा सुनाई है।

मुरैना के अंबाह में ईंट भट्टे के गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

मुरैना। अंबाह थाना क्षेत्र के बड़फरा लक्ष्मण पुरा में दो बच्चे ईंट भट्टे में डूब गए। जिससे उनकी मौत हो गई। बच्चे भट्टे पर ही काम करने वाले मजदूरों के हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों बच्चों के शवों को पीएम के लिए भेजा है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

अंबाह कस्बे के पास बड़फरा लक्ष्मणपुरा के पास ईंट भट्ठा है। यहां पर ईंट बनाने के मिट्टी भी खोदी गई है। जिसकी वजह से वहां पर गड्ढा बन गया है और उसमें पानी भर गया है। बताया जाता है कि मंगलवार को ईंट भट्टे पर रहने वाले मजदूरों के दो बच्चे, जिनमें एक 10 साल का बालक और 12 साल की बालिका है। वह बारिश के बाद नहाने के लिए चले गए। बच्चे गड्ढे की गहराई को भांप नहीं सके और गड्ढे में उतर गए। जिससे वे गहराई में चले गए और डूब गए। इस घटना को कुछ बच्चों ने देख लिया और मजदूरों को बताया। तब मजदूरों ने उन्हें गड्ढे से निकाला। लेकिन तब तक दोनों ने दम तोड़ दिया था।

"वसुदेव कुटुंबकम के लिए योग" थीम पर आज फुटबॉल स्टेडियम में होगा 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

सिवनी यशोः- भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा 21 जून 2023 में "वासुदेव कुटुंबकम के लिए योग" की थीम पर वृहद 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में जिला प्रशासन, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, रेड क्रॉस समिति एवं नगर पालिका सिवनी के संयुक्त तत्वाधान एवं स्थानीय जनप्तिनिधियों की उपस्थिति में बुधवार 21 जून को प्रातः 6ः30 से 8ः30 बजे तक जिला मुख्यालय स्थित फुटबॉल ग्राउण्ड में जिलास्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के माध्यम से सामान्य योग अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग की सभी संस्थाओं और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर आयुष ग्राम में भी 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम आयोजित कर योगभ्यास किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों, विभागाधिकारी- कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों, छात्र-छात्राओं, एन.सी.सी., एन.एस.एस., विभिन्न योग संस्थान एवं आम जनों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिलास्तरीय विश्व योग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

आमजन से म.प्र.योग आयोग की लिंक https://vimarsh.mp.gov.in/yog/default.asp& में जाकर अधिक से अधिक संख्या में आनलाईन पंजीयन कर, अपना फोटो अपलोड कर सकते हैं। पंजीयन नंबर टाइप करने पर 21 जून 2023 को संबंधित व्यक्ति का म.प्र.योग आयोग द्वारा जारी ई-प्रमाण पत्र जनरेट हो जायेगा।

उपराष्ट्रपति के आगमन पर सुरक्षा कड़ी

जबलपुर। जन राष्ट्रपति के प्रवास व उनकी सुरक्षा के संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा ने सोमवार को राजपत्रित अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान साफ किया गया कि 2000 जवान सुरक्षा की कमान संभालेंगे। बैठक में आरआरएस परिहार पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज, तुषार कांत विद्यार्थी पुलिस अधीक्षक जबलपुर, साकेत प्रकाश पांडे, सेनानी छठवीं वाहिनी, सिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक (रेल) जबलपुर, रसना ठाकुर सेनानी दसवीं वाहिनी, सागर मौजूद रहे।

हर एक गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश

बैठक में पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी ने सुरक्षा संबंधित जानकारियां साझा की। प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल भेडाघाट, गौरी घाट व गैरिसन ग्राउंड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक ने किया और कर्मचारियों को हर एक गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने स्थानीय राजपत्रित अधिकारियों सहित पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदाय किये गये लगभग 75 राजपत्रित अधिकारी व जिला सहित अन्य जिलों व बटालियन से उपलब्ध 2000 कर्मियों का बल लगाया गया है।

सी.एम. राईज स्कूल में पहुँचे न्यायाधीश, विधिक साक्षरता शिविर का किया आयोजन

सिवनी यशोः- माननीय मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्री राजीव एम. आप्टे अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 20.06.2023 को सी.एम. राईज स्कूल डूण्डासिवनी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश उपरांत सी.एम. राईज स्कूल में विद्यार्थियों का आज पहला दिन था। विधिक साक्षरता शिविर में श्री विकास शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी एवं सुश्री रंजना डोडवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उपस्थित हुये। सुश्री रंजना डोडवे किशोर न्याय बोर्ड सिवनी की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट है जिन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को किशोर न्याय अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और स्कूल के पहले दिन मेधावी छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित कीं। सचिव श्री विकास शर्मा ने भी शिविर में सक्रिय रुप से भाग लिया। --

कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- हेमंत तिवारी अध्यक्ष म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल (कैबिनेट मंत्री दर्जा) अपने सिवनी प्रवास के दौरान प्रातः 10ः30 बजे सर्किट हाउस पहुंचे। अध्यक्ष श्री तिवारी ने मजदूर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर समस्याओं एवं अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। इसके पश्चात अध्यक्ष श्री तिवारी द्वारा दोपहर 1ः30 बजे कलेक्ट्रट सभा कक्ष में विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल एवं अपर कलेक्टर श्री सी0एल0 चनाप की उपस्थिति में म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए0के0 सिंह, जिला शिक्षा अधिकार, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त मुख्य नगर पलिका /परिषद अधिकारी, शाखा प्रभारी, व्यवसायिक संपर्क अध्यक्ष एवं बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्री विनोद

शुक्ला एवं सदस्य श्री मुकेश सेन, श्रीमति संध्या चदेल, एन0जी0ओ0 से श्री जनक तिवारी एवं श्रम विभाग से श्री एस0के0 सोनकर एवं श्रम निरीक्षक श्री अतुल वैष एवं अन्य कार्यालयीन स्टॉफ की उपस्थिति रही। अध्यक्ष श्री तिवारी ने मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना, अंत्येष्टि एवं अनुग्रह योजना, सुपर 5000 कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों हेतु, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, राज्य लोक सेवा एवं संघ लोकसेवा आयोग में सफलता पर पुरस्कार सहित अन्य 18 प्रकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुये योजनाओं से अधिक से अधिक पंजीकृत हितग्राहियों को योजना से लाभांवित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीयन की संख्या में वृध्दि किये जाने हेतु संबंधितों को निदेर्शित किया। बैठक में मजदूर संघ के सदस्यों द्वारा भी अध्यक्ष श्री तिवारी को समस्याओं से अवगत कराया गया, जिनके शीघ्र निराकरण करने का अश्वासन अध्यक्ष श्री तिवारी द्वारा दिया गया। बैठक उपरांत अध्यक्ष श्री तिवारी कार्यालय श्रम पदाधिकारी पहुंचे एवं कार्यालयीन स्टॉफ से चर्चा कर मंडल द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बेहतर क्रियांवयन करने के निर्देश दिए गए।

विद्यालय प्रबंधक एवं विकास समिति की बैठक संपन्न

समिति का गठन किया गया

छपारा यशोः- 19 जून को सी एम राइस छपारा विद्यालय प्रबंधक एवं विकास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष श्री एम के रहमतकर सचिव श्री ए के अवधिया विज्ञान शिक्षा श्रीमती एम बनखेड़े सामा. विज्ञान शिक्षा श्री एम के साहू, गणित शिक्षा श्री पी के श्रीवास्तव ललित कला हस्तकला संस्कृत खेलकूद से संबंधित शिक्षा श्रीमती सपना पांडे पालक पुरुष श्री नंदराम उईके पालक महिला श्रीमती सुनीता डेहरिया एससी एसटी श्री नंदराम उईके अल्पसंख्यक शेख उस्मान स्थानीय निकाय प्रतिनिधि श्री रामेश्वर बंजारा महिला श्रीमती श्री सोनल श्रीवत्री ग्राम शिक्षा समिति प्रतिनिधि श्री शिव कांत सिंह विभाग से मनोनीत श्री ए के सिंह विज्ञान मानविकी एवं ललित कला हस्तकला सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले 3 विशेषज्ञ एसएस कुमरे नारायण सोनी लेखा एवं ऑडिट से संबंधित सदस्य श्रीमती सी ठाकुर श्री के आर परादे बी एस क्षत्रिय इस प्रकार समिति का गठन किया गया है

समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

सिवनी यशोः- कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 19 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन में राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका की अधिक शिकायत होने पर शिकायतों पर त्वरित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी तरह उन्होंने विभागों की समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, पीजी पोर्टल एवं 50 एवं 100 दिवस से अधिक समय सीमा से लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा कर शिकायतों को संतुष्टि से शीघ्र निराकृत करने के निर्देश विभाग प्रमुखों को दिए। इसी तरह उन्होंने जन शिकायत, सीएम मॉनिट, माननीय सांसद, माननीय विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पत्रों में त्वरित कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रेषित करने



के निर्देश संबंधित अधिकरियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन- 23 अंतर्गत मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्री-रिवीजन एक्टिविटी तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे मतदाता सूची शुध्दीकरण कार्यो संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधि अधिकारियों को दिए। उन्होंने सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत नाम जोड़ने, हाटने और संशोधन के लिए प्राप्त हुए आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश सभी बीएलओ को दिए। इसी तरह उन्होंने अनुभागवार महिला पुरूष मतदाताओं के जेंडर रेशियो समीक्षा करते हुए अभियान चलाकर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल ने विभिन्न मूंग उपार्जन, गेहूं उपार्जन, जल जीवन मिशन, लाड़ली बहना योजना, छात्र-छात्राओं के स्कूलों द्वारा बन रहे जाति प्रमाण पत्र, राशन वितरण, खाद वितरण, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, अवैध कालोनियों के वैध करने की कार्यवाही, मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यो की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल ने बारिस की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सभी सीएमओ को नगरीय क्षेत्रों की नाले-नालियों की साफ-सफाई करवाने एवं सड़कों के गड्ढे भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने 21 जून 9वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फुटबाल ग्राउण्ड सिवनी में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

पुलिस अधीक्षक ने पकड़ा कम्प्यूटर मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपये का घोटाला

बुरहानपुर। जिले के दूसरे सरकारी विभागों में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले और गबन के मामलों की जांच करने वाले पुलिस विभाग में ही लाखों का घोटाला सामने आ गया है। पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा ने इस घोटाले को पकड़ा है।

उन्होंने एसपी कार्यालय के मुख्य बाबू महेश परिहार व अमर ओहरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही इस मामले की जांच एडिशनल एसपी अंतर सिंह कनेश को सौंपी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कम्प्यूटर और प्रिंटर के मेंटेनेंस संबंधी कुछ बिलों का भौतिक सत्यापन किया गया तो उसमें गड़बड़ी सामने आई।

इसके बाद मशीन मेंटेनेंस के अन्य बिलों को खंगाला गया तो उनमें भी गड़बड़ी मिली। जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जिला अस्पताल में अव्यह करोड़ से ज्यादा की राशि का गबन कांड और जनजातीय कार्य विभाग में करीब दस करोड़ के गबन का मामला सामने आ चुका है। जनजातीय कार्य विभाग में हुई आर्थिक अनियमितता के मामले में पांच आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि चार लोग फरार हैं। अब खुद पुलिस विभाग में ही आर्थिक गड़बड़ी सामने आई है।

सीसीटीवी कैमरों के मेंटेनेंस के लिए मिले थे दो लाख

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिलेभर में स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरों के मेंटेनेंस के लिए पुलिस मुख्यालय से राशि की मांग की गई थी। वहां से इस काम के लिए दो लाख रुपये दिए गए थे। कार्यालय के बाबू ने कम्प्यूटर व प्रिंटर आदि में बिना काम कराए फर्जी बिल लगाकर राशि निकाल ली गई थी। इसके अलावा जो केबल बाजार में दो से ढाई हजार रुपये में उपलब्ध है, उसके चौदह हजार के बिल लगाए थे। पुलिस अधीक्षक ने जब सीसीटीवी कैमरों के मेंटेनेंस के बिल भेजे तो खाते में राशि नहीं होने के कारण वे पेंडिंग हो गए। यहीं से उनका माथा ठनका। उन्होंने सामग्री विक्रेताओं और कम्प्यूटर इंजीनियर्स को बुलाकर जांच कराई तो पूरे मामले का राजफाश हो गया।

छात्रावास में रहने इच्छुक छात्र करें आवेदन

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि परतापुर रोड सिवनी स्थित पिछड़ा वर्ग 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के लिए महाविद्यालय में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यचक वर्ग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर अध्ययनरत छात्रों हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। उक्त छात्रावास में रहने के इच्छुक छात्र, छात्रावास प्रवेश हेतु आवेदन पत्र कार्यालय सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कलेक्ट्रेट परिसर सिवनी से प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला बघेल (बागरी) समाज मंगल भवन के लिए स्वीकृत किया राशि

-सामाजिक बंधुओं की ओर से वरिष्ठ अमोल सिंह बघेल ने शाल श्रीफल से किया दिनेश राय मुनमुन का सम्मान

सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने जिला बघेल (बागरी) समाज सिवनी के मंगल भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत किया। आज दोपहर 12ः30 बजे बारापत्थर स्थित सिवनी विधायक निवास पहुंचकर जिला बघेल (बागरी) समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी से भेंट किया। तथा क्षेत्र में सामाजिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत किये जाने की मांग की गयी। जिसे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने सहर्ष स्वीकार करते हुए जिला बघेल (बागरी) समाज सिवनी के मंगल भवन निर्माण हेतु विधायक निधि से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर बड़ी संख्या मे उपस्थित सामाजिक जनों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया तथा स्वीकृत राशि व्यय

करने उपरांत पुनः 10 लाख की राशि स्वीकृत किये जाने की बात कही। आगे श्री राय ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मेरी ओर से भी राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही बघेल समाज प्रतिनिधि मंडल के साथ सहभागिता करनें वालें सदस्यों की मांग पर विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा ग्राम नैनपार में सभामंच निर्माण हेतु 02.00 लाख रुपये एवं ग्राम तिघरा में मां.दा.मं. के पास बाउंड्री वाल निर्माण हेतु 02.00 लाख रुपये की राशि विधायक निधि से स्वीकृत कर स्वीकृति पत्र संबंधितों को सौंपा गया। इस दौरान समाज की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षक श्री अमोल सिंह बघेल जी द्वारा समाज की ओर से विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी का फूलमालाओं से स्वागत कर शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री अमोल सिंह बघेल , अतर सिंह बघेल विधायक प्रतिनिधि, गजराज सिंह बघेल , प्रहलाद पटेल जी कोनियापार विधायक प्रतिनिधि, रघुनाथ सिंह बघेल , खुमान सिंह बघेल , विजय बघेल , नितेन्द्र गुड्डू बघेल पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, सुनील बघेल , रविशंकर बघेल , नीरज बघेल , रंजीत बघेल , विष्णु बघेल , राजकुमार बघेल , तामसिंह बघेल, भोपतसिंह बघेल , रामनाथ बघेल, गुलाबसिंह बघेल, बलवंतसिंह बघेली, वसंत बघेल , गुलाबसिंह बघेल , जटार सिंह बघेल , संतोष बघेल , राजू बघेल , ओमप्रकाश बघेल , मलूपचंद बघेल , मानसिंह बघेल , ओमकार बघेल , राजेश बघेल , मनीराम बघेल , , अंचल बघेल , रीतेश बघेल की गरिमामय उपस्थिति रही।

बीआईएस उपयोगिता एवं आवश्यकता के संबंध में कार्यलय प्रमुखों को दिया गया प्रशिक्षण

सिवनी यशोः- कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में भारतीय मानक ब्यूरो, नागपुर शाखा कार्यालय के संयुक्त निदेशक श्री पियुष वासेकर एवं स्टैण्ड प्रमोशन अधिकारी ईशा खुराना द्वारा सोमवार 19 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय मानकों के बारे में जिला स्तरीय अधिकारियों प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के उद्देश्य, वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए भारतीय मानकों के महत्व पर संक्षिप्त विवरण दिया गया।

संयुक्त निदेशक श्री वासेकर द्वारा गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण में बीआईएस की भूमिका और उत्तरदायित्व, आईएसआई मार्क और हॉलमार्क (स्वर्ण आभूषण) के महत्व, राज्य सरकार के विभागों द्वारा खरीद निविदाओं में भारतीय मानकों के महत्व, बीआईएस केयर ऐप और बीआईएस में अपने मानक विकल्प को जानने के लिए एक प्रस्तुति दी। उत्पादों की पहचान। विभागवार भारतीय मानक सूची के बारे में भी जानकारी देते हुए चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीआईएस वेबसाइट, ई-बीआईएस और बीआईएस केयर ऐप के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें शिकायत दर्ज करने का मॉड्यूल भी शामिल है और आईएसआई चिह्नित उत्पादों के दुरुपयोग के मामले में बीआईएस अधिनियम के दंडात्मक प्रावधान के बारे में बताया गया।

एसपीओ श्रीमती ईशा खुराना द्वारा बीआईएस केयर ऐप पर विभिन्न विकल्पों का प्रदर्शन किया गया। विशेष रूप से विभागाध्यक्षों को एप डाउनलोड करने और उपार्जन की प्रक्रिया के दौरान इसका उपयोग करने की जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जिला अधिकारियों से आग्रह किया गया कि आईएसआई चिन्हित गुणवत्ता वाले उत्पादों को अपने खरीद निविदाओं और खरीद में शामिल करें ताकि तीसरे पक्ष के आश्वासन के साथ गुणवत्ता वाले सामान खरीदे जा सकें। साथ ही जिला अधिकारियों को विभिन्न प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन से अवगत कराया गया और उन्हें अपने संबंधित विभागों के लिए प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

युवती पर चाकू से हमला , आरोपी पकडाया

सिवनी यशोः- कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एलआईबी चौक पर सोमवार को सुबह के समय एक सुशील नामक युवक ने छिंदवर्री निवासी युवती पर चाकू से हमला कर दिया जिससे युवती के गले एवं हाथ में चोट आना बताया जा रहा है सरेआम घटना को दिन दहाडे अंजाम देने वाले युवक की मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को पकड़ लिया और जमकर पिटाई की जिसमें वह लहूलुहान हो गया। उसके चेहरे और सिर से खून निकलने लगा। सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां मौके पर पहुंची। आरोपी को पकड़कर ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती छिंदवर्री ग्राम की रहने वाली है। वह एलआईबी चौक हनुमान

मंदिर के सामने दादू मोहल्ला से निकल रही थी। इसी दौरान सुशील यादव वहां पहुंचा। वह साथ में चाकू लेकर आया था। दोनों के बीच में बहस हुई। सुशील ने चाकू निकाल कर उसके गले व हाथ पर हमला कर दिया। यह देख मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाकर उसे पकड़ लिया। उसके बाद सुशील की जमकर लात-घूसों से पिटाई कर दी, जिससे उसके चेहरे व सिर से खून निकलने लगा।

कोतवाली थाना प्रभारी महादेव नागोतिया ने बताया कि आरोपित सुशील यादव को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवती का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। युवक ने युवती पर चाकू से क्यों प्रहार किया? इस बात की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

आरोपी पर मामला दर्ज

एसपी रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि युवती ने बताया कि लड़का उसका कई पीछा कर रहा था। उसे परेशान कर रहा था। आज युवक ने चाकुओं से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई है। युवक पर मामला दर्ज कर लिया है।

जल संरक्षण क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ राज्य का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदेशवासियों के सहयोग से हुआ संभव - मुख्यमंत्री

सिवनी यशोः-मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सर्वश्रेष्ठ राज्य का राष्ट्रीय पुरस्कार मध्यप्रदेश को मिला है। यह प्रदेशवासियों के सहयोग के बिना संभव नहीं था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को अपने वीडियो संदेश में कहा कि हमने केवल जल ही नहीं बचाया है, जीवन भी बचाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हमारी प्रेरणा हैं। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हम सभी संकल्प लें कि पानी के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जल-संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर आया है। हमने सिंचाई की सुविधा का विस्तार तो किया ही है साथ ही भूमिगत पाइप लाइन जल प्रबंधन बेहतर किया है, जिससे जल की एक-एक बूंद का सही उपयोग हो सके। नई जल-संरचनाओं का निर्माण, पुरानी जल-संरचनाओं का जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, नगरों में जल प्रबंधन, कैच द रैन, वर्षा जल का बेहतर प्रबंधन, जल-संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का काम बहुत महत्वपूर्ण है। पूर्व वर्षों में मध्यप्रदेश में जलाभिषेक अभियान भी जन-सहयोग से सफल रहा है। हर घर में नल से पेयजल प्रदाय का कार्य कर प्रदेश के बुरहानपुर जिले ने देश में अव्वल आने का कार्य किया। प्रदेश का निवाड़ी जिला भी इस दिशा में अग्रसर है, जहाँ शत-प्रतिशत घरों में नल से जल प्रदाय होगा। प्रदेश में करीब 60 लाख परिवारों तक नल से जल पहुँचाने का कार्य पूर्ण हुआ है, जो कुल कार्य का लगभग 50 प्रतिशत है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश को ÷राष्ट्रीय जल पुरस्कार- 2022÷ मिलने पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ भी दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ÷यह सम्मान प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए गर्व का विषय है। ऐसे प्रयासों से न केवल हमारी धरती बचेगी, बल्कि इस धरा पर जीवन भी समृद्ध होगा।÷

उल्लेखनीय है कि शनिवार 17 जून को उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में मध्यप्रदेश को जल-संरक्षण, प्रबंधन एवं उपयोग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने पुरस्कार ग्रहण किया।

NSUI के द्वारा राज्यपाल के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

सिवनी यशोः- आज जिला NSUI द्वारा नई शिक्षा नीति के अध्यादेश 14 ए एवं 14 बी के 16.6 में संशोधन कर छात्रों को आगे की पढ़ाई निरंतर रखी जाए, 14 बी में आंशिक संशोधन कर छात्रों को अतिरिक्त परीक्षा देने की अनुमति दी जाए।, पूरक परीक्षा तथा ATKT के छात्रों को पुनर्मूल्यांकन एवं पूरक परीक्षा, उत्तरपुस्तिका दिखाए जाने की प्रावधान जारी रखें आदि को शामिल करें। एवं छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी में भी आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए अन्यथा हस्द्ध जिला स्तरीय आंदोलन के लिए बाध्य होगी इसका ज्ञापन NSUI के द्वारा राज्यपाल के नाम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य महोदय को सौंपा गया । इस कार्यक्रम में हस्द्ध के जिलाध्यक्ष ऋषभ ठाकुर, नितिन डहेरिया, अभिषेक डहेरिया प्रखर शर्मा रोहित सतनामी रजा खान एवम समस्त साथी और छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

मजाक बनकर रह गई जन सुनवाई

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले में जनसमस्याओं के निराकरण में गंभीरतापूर्वक ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के आवेदकों के द्वारा कई तरह की समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र दिए जा रहे हैं जिनका निराकरण सही तरीके से नहीं हो रहा है प्रशासन का आरोप लगाते हुए मंडला जिले की जनपद पंचायत नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा के आवेदक मनोज सिंह कुशवाह ने आरोप लगाया है कि जिला स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में लगातार ग्राम की समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र दिए जा रहे हैं इनका निराकरण नहीं किया जा रहा है जना अपेक्षा है समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाए।

पंचो की नहीं हो रही बैठक फर्जी ठेकेदारों के कब्जे में पंचायती राज

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश के मंडला जिले में पंचायती राज व्यवस्था बेकार हो गई है ग्राम पंचायतों में फर्जी ठेकेदार जनपद व जिला पंचायत से मिलीभगत करके एवं सरपंच सचिव से सांठगांठ करके मनमाने तरीके से काम करा रहे है ग्राम पंचायतों की मासिक बैठक पंचों की नहीं हो रही है। संपूर्ण मंडला जिले में भारी मनमानी लापरवाही धांधली ग्राम पंचायतों में शासन प्रशासन के आला अधिकारियों के संरक्षण में की जा रही है तत्काल जांच की जाए फर्जी ठेकेदारों के कब्जे से पंचायती राज व्यवस्था दूर की जाए और प्रत्येक माह पंचों की बैठक आयोजित की जावे ऐसी जना अपेक्षा है।

पुलिस थाने के ठीक सामने की दुकान में तोड़फोड़

स्व. विधायक के पुत्रों पर लगाये जा रहे आरोप एफ.आई.आर. दर्ज कराने भटक रहा पीड़ित परिवार न्यासयालय से एफ.आई.आर. कराने की की गई है मॉग

मण्डला यशोः - सामूहिक रूप से आधी रात के बाद किसी दुकान का ताला तोड़कर सामान को बाहर फेंकते हुए क्षति पंहुचाना एवं बगैर कानूनी प्रक्रिया के दुकान से कब्जा हटाना व कब्जा कर लेने पर पीड़ित यदि पुलिस से शिकायत करता है तो पुलिस का क्या रोल होना चाहिए ये तो पुलिस विभाग ही जाने। हम जिक्र कर रहे हैं नैनपुर की लोकप्रिय कल्याण हॉटल की, तीन पुत्रों एवं अन्य साथियों पर

अब इस नाम के बोर्ड को हटाकर जायसवाल फायनेंस नाम का बोर्ड लगा दिया गया है। आपको बता दें कि पुलिस थाना के ठीक सामने लगभग 30 वर्षों से कल्याण हॉटल का संचालन खण्डेलवाल परिवार कर रहा था किन्तु 30 मई की रात्रि सारी सामग्री को बाहर फेंक दिया गया। पीड़ित खण्डेलवाल परिवार ने तोड़फोड़ करने का आरोप स्व. विधायक घनश्याम जायसवाल के लगाये हैं जिसकी शिकायत घटना के बाद से पुलिस थाना, एस.पी., कलेक्टर सभी से की जा चुकी है किन्तु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे घबराए पीड़ितों ने हाईकोर्ट में एफ.आई.आर. दर्ज कराने की मॉग का आवेदन दिया था, जिस पर दिनांक 13/06/2023 को हाईकोर्ट ने पीड़ितों को निर्देशित किया कि वो पहले स्थानीय न्यायालय में आवेदन दें तब इसी निर्देश के तहत दिनांक 19/06/2023 को नैनपुर न्यायालय में पीड़ितों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई 24/06/2023 को नीयत की गई है। आपको बता दें कि इस घटना के पीछे शासन की धारणाधिकार योजना के तहत पट्टे की मॉग करना बताया जा रहा है। दरअसल नैनपुर में अनेकों भूमि विवाद के मामले लगातार उजागर होते रहते हैं क्योंकि यहॉ नजूल की शासकीय भूमि पर अनेक दुकानें वर्षो से संचालित हो रही हैं और अब उक्त योजना के तहत पट्टे की मॉग की जा रही है वैसे तो इस क्षेत्र में शासकीय भूमि के क्रय, विक्रय के मामले भी उजागर हुए हैं यहॉ के विभिन्न भूमि विवाद मामलों में दोषी राजस्व अधिकारी व कर्मचारियों को सस्पेंड भी किया जा चुका है। जानकारों की मानें तो आने वाले समय में इस तरह के विवाद और भी सामने आएंगे जिसके लिए शासन, प्रशासन के जिम्मेदारों को सजग रहना चाहिए।

एसी कार्यालय आने-जाने में होती है परेशानी

मंडला यशोः- सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय आने-जाने वाले शिक्षकों एवं अन्य लोगों को यहां परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दरअसल सहायक आयुक्त का वाहन मेन गेट के बिल्कुल सटाकर खड़ा किया जाता है जिससे जो भी स्टॉफ हो या अन्य लोग वे बड़ी मुश्किल से कार्यालय के मेन गेट से अंदर जा पा रहे हैं।

जिलास्तरीय रोजगार मेला 23 जून को स्मृति लॉन सिवनी में

सिवनी यशोः- जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयुक?त तत्वाधान में शुक्रवार 23 जून 23 को स?वाधानीय स?मृति लॉन बाहुबली चौक सिवनी में जिला स्तरीय रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही कर जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। 18 से 35 वर्ष आयु सीमा के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची एवं दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद हेतु अनन्तिम चयन सूची जारी

सिवनी यशोः- एकीकृत बाल विकास परियोजना बरघाट जिला सिवनी म.प्र. अंतर्गत आंगनवाडी केन्द्र धीसी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद हेतु कु.नेहा ठाकुर पिता श्री किशोर ठाकुर एवं आंगनवाड़ी केन्द्र चिमनाखारी में श्रीमती लक्ष्मी पटले पति स्व श्री राजीव पटले को विकासखंड स्तरीय चयन समिति के द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ता पद हेतु अनन्तिम रूप से चयन किया गया है। उक्त संबंध में अन्य आवेदक दावे/ आपत्ति मय दस्तावेज तथ्य के साथ 30 जून तक कार्यालयीन समय में कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बरघाट जिला सिवनी म.प्र. में प्रेषित कर सकते हैं।

स्कूलों में दर्ज संख्या बढ़ाने पर कोई जोर नहीं

.सरकारी स्कूलों के हाल बेहाल जैसे तैसे शुरू हुआ शिक्षा का नया सत्र

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले

में शिक्षा का नया सत्र जैसे तैसे शुरू हो पाया है तमाम तरह की अव्यवस्थाओं के बीच शिक्षा का सत्र शुरू किया गया है शासन प्रशासन के तमाम निर्देश के बाद भी अधिकांश स्कूल भवनों के रंग रोगन व मरम्मत के कार्य सहित सभी की तरह की तैयारियां नहीं हो पाई है मध्यान भोजन संचालित करने वाले स्व सहायता समूह को राशन सामग्री एवं राशि प्रदान नहीं की जा रही है सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की जनसंख्या बढ़ाने पर कोई जोर नहीं दिया जा रहा है जानकारी तो यह भी मिल रही है कि अधिकांश स्कूलों के शिक्षक सरकारी स्कूलों में दर्ज संख्या बढ़ाने पर कोई रुचि नहीं ले रहे हैं जानकारी मंडला जिले की जनपद पंचायत नैनपुर लगभग सभी स्कूलों के संबंध में मिली है जना अपेक्षा है सरकार शिक्षा के क्षेत्र में फैली सभी तरह की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करें और सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या बढ़ाने पर मध्यप्रदेश के मंडला जिले में विशेष ध्यान दें।

सीवर लाइन का काम बना लोगों की मुसीबत

खुदाई के बाद सड़कों का नहीं किया जा रहा रेस्टोरेशन, बन रहे जाम के हालात

मंडला यशोः- महानगरों की तर्ज पर मंडला जिला मुख्यालय में सीवर लाइन का जाल बिछाया जा रहा है। लेकिन इस सीवर लाईन के कार्य में आमजन की सुविधा का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जिसके कारण लोग बेहद परेशान हो रहे है। लोगों को सीवर लाइन कार्य के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। सीवर लाइन के कारण मार्ग से दो चौपहिया वाहनों की क्रासिंग होने में काफी दिक्कत हो रही है। शहरी क्षेत्र से लगे होने के बाद भी दिन में बड़ी बड़ी मशीनो से काम किया जा रहा है। जिससे दुर्घटना की अशंका भी बनी रहती है। कार्य के दौरान पर्याप्त जगह ना मिलने के कारण जाम की स्थिति बन रही है। इस जाम में आकस्मिक वाहन भी फंस रहे है। ऐसा ही कुछ नजारा सोमवार की सुबह करीब 11 बजे बिझिंया तिराहे के पास दिखाई दिया। जहां एक एम्बुलेंस सीवर लाईन के कार्य के चलते जाम में फंस गई। जानकारी अनुसार इन दिनों शहर में सीवर लाइन डालने का काम चल रहा है। जगह-जगह सड़क खोद दी गई हैं। ठेकेदारों की लापरवाही से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। यदि थोड़ी सी भी बारिश हो जाए तो वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को चलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जिसके कारण जाम की स्थिति बन जाती है। बता दे कि सीवर लाईन बिछने से घरों के किचन, बाथरूम व शौचालयों आदि से निकलने वाले गंदे पानी को सीवर लाइन के माध्यम से एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) तक पहुंचाया जाएगा। इस पानी को फिल्टर करने के बाद नदियों में छोड़ा जाएगा। इससे न सिर्फ नदियों को प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा, बल्कि नालियों में बहने वाली गंदगी से भी राहत मिलेगी। लेकिन इस कार्य को करने के लिए आमजनों की सुविधा का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। बता दें कि जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में सीवर लाईन बिछाने का कार्य जोरों से किया जा रहा है, लेकिन यह सीवर लाईन का कार्य आमजनों के लिए मुसीबत से कम नहीं है। जहां कार्य हो चुके है, वहां गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं किया गया है। वहीं जहां कार्य किया जा रहा है, वहां से गुजरने वालों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसके कारण इमरजेंसी वाहनों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है।

एटीएम बूथ में नहीं सुरक्षा के इंतजाम, दोपहर में भीतर सोए रहते हैं श्वान

ग्राहकों को करना पड़ रहा असुविधाओं का सामना

मंडला यशोः- शहर में विभिन्न बैंकों द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए एटीएम लगाए गए हैं लेकिन इन एटीएम में जहां सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। वहीं ग्राहकों को भी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कहीं एटीएम में दरवाजे टूटे हुए हैं तो कहीं एटीएम के एसी बंद है। पूर्व में एटीएम से चोरी की वारदातें हो चुकी है इसके बाद भी बैंक प्रबंधन द्वारा एटीएम में सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। कई एटीएम में आवारा मवेशियों से लेकर श्वान तक एटीएम में डेरा डाले रहते हैं। सोमवार को बड़ चौराहा के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में आवारा श्वान सोते दिखाई दिए। एटीएम पहुंचे सम्पत श्रीवास ने बताया कि एटीएम का दरवाजा खराब है जिससे यहां श्वान आराम करते देखे जाते हैं। सेवानिवृत्त हो चुके सम्पत श्रीवास ने बताया कि जैसे ही उन्होंने एटीएम

में श्वान देखा तो उनके मन में कुछ दहशत हुई लेकिन किसी तरह एटीएम मशीन से पैसे निकालने की प्रक्रिया की लेकिन पैसे निकलने की जगह एटीएम मशीन की डिस्प्ले में नगदी न होने का संदेश लिखकर आ गया। यही हाल शहर में लगे लगभग सभी एटीएम का है। बैंकों द्वारा ग्राहकों की भीड़ कम करने के लिए एटीएम तो लगवा दिए गए हैं लेकिन यहां न तो एटीएम की सुरक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है इसी के साथ ग्राहकों की सुविधाओं को भी नजर अंदाज किया जा रहा है।

शहर में विभिन्न बैंकों द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए एटीएम लगाए गए हैं लेकिन इन एटीएम में जहां सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। वहीं ग्राहकों को भी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कहीं एटीएम में दरवाजे टूटे हुए हैं तो कहीं एटीएम के एसी बंद हैं। पूर्व में एटीएम से चोरी की वारदातें हो चुकी है इसके बाद भी बैंक प्रबंधन द्वारा एटीएम में सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। कई एटीएम में आवारा मवेशियों से लेकर श्वान तक एटीएम में डेरा डाले रहते हैं। सोमवार को बड़ चौराहा के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में आवारा श्वान सोते दिखाई दिए। एटीएम पहुंचे सम्पत श्रीवास ने बताया कि जैसे ही उन्होंने एटीएम में श्वान देखा तो उनके मन में कुछ दहशत हुई लेकिन किसी तरह एटीएम मशीन से पैसे निकालने की प्रक्रिया की लेकिन पैसे निकलने की जगह एटीएम मशीन की डिस्प्ले में नगदी न होने का संदेश लिखकर आ गया। यही हाल शहर में लगे लगभग सभी एटीएम का है। बैंकों द्वारा ग्राहकों की भीड़ कम करने के लिए एटीएम तो लगवा दिए गए हैं लेकिन यहां न तो एटीएम की सुरक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है इसी के साथ ग्राहकों की सुविधाओं को भी नजर अंदाज किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी में पंखा तक नहीं, गर्मी से परेशान रहते हैं बच्चे

नहीं खुलेंगे प्राथमिक स्कूल

मंडला यशोः- गर्मी व लू से जहां सभी वर्ग के लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं बच्चों को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। तेज गर्मी में भी आंगनबाड़ी संचालित की जा रही है। गर्मी के कारण कई माताएं या तो बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं भेज रहे हैं और यदि कोई भेज भी रहे हैं तो केन्द्र पहुंच कर जल्दी से बच्चों को घर वापस ले आ रहे हैं। बच्चों को अभी सुबह 7.30 से 11.30 बजे तक आंगनबाड़ी में रहना पड़ रहा है।

कार्यकर्ता व सहायिका को दोपहर 2 बजे तक केन्द्रों में रहने को मजबूर हैं। हालांकि आंगनबाड़ी केंद्र का समय बदल गया है, जिससे बच्चों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है। फिर भी सुबह 10 बजे से 11 बजे तक जिस आंगनबाड़ी केन्द्र में पंखे नहीं है, वहां के बच्चे गर्मी से हलकान हो रहे हैं। ऐसा ही हाल ग्राम पंचायत बिझिया के सर्कस कॉलोनी में

संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का है। जहां पंखा ना होने बच्चों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका गर्मी से परेशान है। मुख्यालय के समीप होने के बाद भी यहां पंखों की व्यवस्था नहीं है। जबकि पिछले साल से समाज सेवी, अधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेकर विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। पालकों का कहना है कि सुबह से तेज धूप पड़ती है। तापमान 40 डिग्री पार जा चुका है। लोग कड़ी धूप में घर से बाहर निकलना नहीं चाह रहे। ऐसे में जून तक आंगनबाड़ी को बंद कर दिया जाना चाहिए। जब स्कूल बंद है तो बच्चों को आंगनबाड़ी बुलाना उचित नहीं है। धूप में बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र जाने-आने में परेशानी हो रही है। उनकी तबीयत बिगड़ रही है। आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ताओं ने बताया कि बच्चों की छुट्टी के बाद अधिकारी जबरदस्ती आंगनबाड़ी में रहने मजबूर कर रहे हैं। दोपहर तक आंगनबाड़ी में इतनी गर्मी में बिना सुविधा के बैठना पड़ रहा है।

पीएम मोदी ने अपने भोपाल दौरे को लेकर किया ट्वीट, 10 लाख बूथों को करेंगे संबोधित

मध्यप्रदेश को मिलेगी 2 वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात, प्रधानमंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जून को भोपाल आ रहे हैं। इसे लेकर उन्होने एक ट्वीट किया है और इसमें कहा है कि '27 जून को भोपाल में आयोजित 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम हमारी सकारात्मक राजनीति को एक नया संकल्प और एक नई शक्ति प्रदान करने वाला है। यह दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए समर्पित भाजपा के लाखों ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से संवाद का साक्षी बनेगा।'

पीएम मोदी भोपाल में करीब तीन घंटे रहेंगे। यहां वे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से जबलपुर और रानी कमलापति से इंदौर के लिए दो वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। बता दें कि इससे पहले भोपाल दौरे में उन्होने रानी कमलापति से हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक?सप्रेस को फ्लैग ऑफ किया था। इसके बाद वे मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से देश के 10 लाख बूथों पर डिजिटल रैली को संबोधित करेंगे। इनमें मध्यप्रदेश के 64 हजार 100 बूथ भी शामिल होंगे। इससे पहले उनका एक रोड शो भी प्रस्तावित था, बीजेपी ने पीएम मोदी से रोड शो के लिए भी अनुमति मांगी थी लेकिन अब वो नहीं होगा। पीएम मोदी के भोपाल दौरे को लेकर बीजेपी की तैयारियां जारी है, वहीं उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन भी चाक चौबंद है।

रानी दुर्गावती की वीरता और बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुँचाने गौरव यात्रा 22 से 27 जून तक

*केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह 22 जून को बालाघाट से करेंगे शुभारंभ *प्रधानमंत्री श्री मोदी 27 जून को गौरव यात्रा का समापन शहडोल में करेंगे

सिवनी यशोः- केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह 22 जून को बालाघाट में रानी दुर्गावती की वीरता और बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 6 दिवसीय गौरव यात्रा का शुभारंभ करेंगे। । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 27 जून को शहडोल में गौरव यात्रा का समापन करेंगे।

रानी दुर्गावती की गौरव यात्रा 5 विभिन्न जिलों बालाघाट, छिन्दवाड़ा, दमोह के सिंगरामपुर, उ.प्र. के कलिंजर फोर्ट, सीधी के धौहनी से 22 जून को प्रारंभ होकर 27 जून को शहडोल पहुँचेगी। बालाघाट से यह यात्रा बैहर, बिछिया, डिंडोरी, पुष्पराजगढ़, अनूपपुर, जैतपुर होते हुए 27 जून को शहडोल पहुँचेगी। छिन्दवाड़ा से गौरव यात्रा चौरई, सिवनी, क्योलारी, लखनादौन, मंडला, शहपुरा, उमरिया, पाली मानपुर होते हुए शहडोल पहुँचेगी। सिंगरामपुर (जबेरा दमोह) से गौरव यात्रा जबेरा, मझोली (पाटन), सिहोरा शहर, जबलपुर शहर, बरगी समाधि (पनागर विधानसभा) कुंडम (सीहोरा विधानसभा), शहपुरा (डिंडोरी जिला), बिरसिंगपुर पाली होते हुए शहडोल पहुँचेगी। कलिंजर फोर्ट (उ.प्र.) जन्म स्थान से कलिंजर, अजयगढ़, पवई, बडवारा, विजयराघवगढ़, अमरपुर, मानपुर होते हुए शहडोल पहुँचेगी। सीधी की धौहनी से कुसमी, ब्यौहारी, जय सिंह नगर होते हुए शहडोल पहुँचेगी।

रानी दुर्गावती ने गोंडवाना राज्य की शासक बनकर 15 सालों तक वीरतापूर्वक शासन किया था। उन्होंने अपने शासनकाल में लगभग 50 युद्धों में शत्रुओं को पराजित किया। रानी दुर्गावती ने 3 बार मुगलों को भी हराया उनका संपूर्ण जीवन कुशल शासक और वीर योद्धा के रूप में इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में वर्णित है। भारतीय इतिहास में वीर महिलाओं में गिनी जाने वाली रानी दुर्गावती एक वीर, निडर और बहुत साहसी योद्धा थीं। रानी दुर्गावती ने अपनी अंतिम साँस तक मुगलों के

साथ आजादी की लड़ाई लड़ी। उनके बलिदान की स्मृति में एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उसी कड़ी में 6 दिवसीय गौरव यात्रा में उनके शौर्य और वीरता पर आधारित कार्यक्रम होंगे।

रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कलिंजर बांदा में प्रसिद्ध चंदेल सम्राट कीरत राय के परिवार में हुआ था। इनका विवाह सन् 1542 में गोंडवाना शासक संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह से हुआ था। रानी दुर्गावती अपने पति की मृत्यु के बाद गोंडवाना राज्य की उत्तराधिकारी बनी। रानी दुर्गावती ने साहस और बहादुरी के साथ दुश्मनों को सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनकी स्मृति में जबलपुर और मंडला के बीच स्थित बरेला में उनकी समाधि पर स्मारक बनाया गया है। रानी दुर्गावती के सम्मान में प्रदेश सरकार द्वारा 1983 में जबलपुर के विश्वविद्यालय का नाम ÷रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय÷ कर दिया गया। भारत सरकार ने 24 जून 1988 में उनके बलिदान दिवस पर उनके नाम पर डाक टिकिट जारी किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझाबाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297